GNIOT GROUP OF INSTITUTIONS
Greater Noida, Delhi-NCR
COURSES OFFERED
B.TECH | M.TECH | MCA | MCA (INTEGRATED) | PGDM | MBA
MBA (BUSINESS ANALYTICS) | MBA (INTEGRATED)
MBA (HEALTH CARE & HOSPITAL MANAGEMENT) | BBA | BCA
B.COM | B.COM (H) | B.SC.(CS) | D.PHARMA | B.PHARMA*
LL.B. | B.A. LL.B. | B.SC. (NURSING) | GNM*
*Courses Proposed
APPLY NOW
www.gniotgroup.edu.in
Toll Free Number
1800-274-6969
Plot No. 7, Knowledge Park II, Greater Noida, UP- 201310

न्यूज डायरी

भदोही में यातायात पुलिसकर्मी और ऑटो चालक में मारपीट

औराई (भदोही)। चौराहे के फ्लाईओवर पर सोमवार की दोपहर में यातायात पुलिसकर्मी और ऑटो चालक के बीच जमकर लात-घुसे चले। करीब 10 मिनट तक दोनों के बीच हाथापाई होती रही। इस दौरान वहां खड़े लोग तमाशबीन बने रहे। सूचना के बाद कोतवाली से पहुंची पुलिस ने आरोपी ऑटो चालक को हिरासत में ले लिया। कांवड़ यात्रा को लेकर हाईवे पर इन दिनों पुलिस टीमें अलर्ट मोड में हैं। सोमवार की दोपहर औराई फ्लाईओवर के अंडरपास में एक ऑटो चालक अचानक टर्न लेने लगा। इस दौरान ट्रैफिक कंट्रोल कर रहे पुलिस के पैर में चोट लग गई। इसी के बाद विवाद हुआ। कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी चालक को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है। संवाद

गोपनीय सूचनाएं लीक करने के आरोप में आरक्षी निलंबित

आजमगढ़। पुलिस विभाग की छवि धूमिल करने और कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही व अनुशासनहीनता बरतने के आरोप में अहरौला थाने पर तैनात आरक्षी जितेंद्र कुमार को एसपी अनिल कुमार ने निलंबित कर दिया। आरक्षी पर फोन और व्हाट्सएप के माध्यम से गोपनीय सूचनाएं लीक करने का आरोप है। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जांच और अभियोग को प्रभावित करने, विभागीय गोपनीयता भंग करने तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों व निर्देशों की अवहेलना करने के भी आरोप हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरक्षी जितेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया है। इस मामले में विभागीय कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। संवाद

तकनीकी खराबी से ओबरा की दो इकाइयों से बिजली उत्पादन ठप

ओबरा (सोनभद्र)। ओबरा तापीय परियोजना की 200-200 मेगावाट की क्षमता वाली दो इकाइयों से बिजली उत्पादन ठप हो गया। इसका सीधा असर प्रदेश की बिजली आपूर्ति पर पड़ा। अभियंताओं ने तकनीकी खराबी दूर कर इकाइयों को उत्पादन पर लाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। रविवार की दोपहर 12 बजकर 04 मिनट पर ओबरा बी तापीय परियोजना की 200 मेगावाट क्षमता वाली 12वीं इकाई बॉयलर ट्यूब लीकेज के कारण बंद हो गई। इसके ढाई घंटे बाद 200 मेगावाट क्षमता वाली 10वीं इकाई को भी पीए फैन में आई तकनीकी खराबी के चलते बंद करना पड़ा। संवाद

बेटे के साथ टंकी पर चढ़ी महिला

मऊ। सरायलखंसी के रैकवारेडीह गांव में सोमवार की सुबह आठ बजे एक महिला मंशा चौहान अपने बेटे के साथ पानी की टंकी पर चढ़ गई। महिला ने पति चंदन पर दूसरी शादी करने और उसे साथ नहीं रखने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची और करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद महिला और उसके बेटे को नीचे उतारा। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच में यह साबित होता है कि मंशा और चंदन का पहले विधिवत विवाह हुआ था, तो दूसरी शादी के संबंध में लागू कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। संवाद

बाइक सवार तीन दोस्त ट्रक की चपेट में आए, दो की मौत

संवाद न्यूज एजेंसी

खा न पु र / औ ड़ि हा र (गाजीपुर)। मारकंडेय महादेव धाम दर्शन करने जा रहे बाइक सवार तीन दोस्तों को औड़िहार के पास ट्रक ने टक्कर मार दी।

हादसा रविवार की रात करीब 10 बजे गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन पर हुआ। इसमें बाइक सवार राजू यादव (27) और आकाश यादव (25) की मौत हो गई, जबकि उनका दोस्त लालू यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर मिर्जापुर के ग्राम पड़री निवासी चालक राकेश यादव को हिरासत में ले लिया है।

सैदपुर कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि उचौरी गांव निवासी राजू यादव, आकाश यादव और लालू यादव (22) एक बाइक से मारकंडेय महादेव धाम जा रहे थे। औड़िहार गांव के पास बाइक के टर्न लेते समय सामने से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने राजू और आकाश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल लालू को प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी रेफर कर दिया गया। सैदपुर कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

मिर्जापुर का ट्रक चालक पुलिस की हिरासत में

राजू (फाइल)

आकाश (फाइल)

सोनभद्र : पानी भरी बाल्टी में डूबने से मासूम की मौत

रामगढ़ (सोनभद्र)। रामपुर गांव के पिपरा डीहर टोले में रविवार की शाम पानी भरी बाल्टी में गिरने से 14 माह के रुद्रांशु की मौत हो गई। घटना के समय बच्चे के माता-पिता पास के खेत में धान की रोपाई कर रहे थे।

रुद्रांशु। फाइल फोटो

मासूम अपनी दो बहनों के साथ आंगन में खेल रहा था। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

रामपुर गांव निवासी राजेश कुमार गौंड खेती करते हैं। उनका 14 माह का बेटा रुद्रांशु रविवार शाम आंगन में खेल रहा था। इस दौरान वह पानी से भरी बाल्टी में मुंह के बल गिर गया। घर में उस वक्त उसकी पांच और तीन वर्ष की बहनें थीं। दोनों आंगन में ही दूसरी तरफ खेल रही थीं। रुद्रांशु को बाल्टी में गिरा देख दोनों बहनें रोने लगीं। आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन पहुंचे। बच्चे को बाल्टी से बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष राम सिंहासन शर्मा ने बताया कि रुद्रांशु माता-पिता की तीन संतानों में सबसे छोटा और इकलौता बेटा था। संवाद

मूक-बधिर किशोरी को अगवा करने के आरोपी को मुठभेड़ में गोली लगी, गिरफ्तार

मुहम्मदाबाद (गाजीपुर)। मूक-बधिर किशोरी के अपहरण के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश विजयी (34) को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। सोमवार की भोर में मुहम्मदाबाद और नोनहरा पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई में बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदाबाद भेजा गया। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया।

क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद सुधाकर पांडेय ने बताया कि सोमवार की रात मुहम्मदाबाद पुलिस गश्त पर थी। तिवारीपुर मोड़ के पास बाइक सवार दो युवक दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो दोनों कठवामोड़ की ओर भागे। इस पर पुलिस ने घेरेबंदी की। गौसपुर हवाई पट्टी के पास खुद को घिरता देख बाइक सवारों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी और उसे पकड़ लिया गया। दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। गिरफ्तार आरोपी थाना मुहम्मदाबाद के बढ़ईपुरा निवासी विजयी है।

सीओ ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 315 बोर का तमंचा, खोखा, कारतूस और बाइक बरामद की है। संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। भागे हुए आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है। संवाद

बदमाश के दाहिने पैर में लगी गोली दूसरा साथी चकमा देकर भागा

बाइक सवार दो युवकों ने किया था किशोरी का अपहरण

मुहम्मदाबाद क्षेत्र के एक गांव की मूक-बधिर किशोरी का एक अगस्त की शाम ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के पास से बाइक सवार दो युवकों ने अपहरण कर लिया था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया था। पुलिस के अनुसार इसी मामले में विजयी वांछित चल रहा था।

वीडियो बनाने वाली हो तुम्हारे साथ ऐसा ही होगा... दरोगा लाइन हाजिर

ज्ञानपुर (भदोही)। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से छेड़खानी के मामले में पुलिस ने सोमवार को आरोपी युवक संदीप यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। मामले की इसकी शिकायत लेकर युवती अपनी मां के साथ कोतवाली गई थी।

आरोप है कि वहां पुलिस ने उसे वीडियो बनाने वाली बताकर भगा दिया था। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। संबंधित दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। हालांकि वायरल वीडियो की संवाद न्यूज एजेंसी पुष्टि नहीं करती है।

छेड़खानी की रिपोर्ट लिखवाने थाने गई युवती से दरोगा ने कहा था

पीड़ित युवती ने आरोप लगाया कि संदीप यादव उसके साथ अक्सर छेड़खानी करता है। जब वह अपनी मां के साथ कोतवाली में शिकायत करने गई तो वहां मौजूद दरोगा ने उसकी बात नहीं सुनी और कहा गया कि वीडियो बनाती हो तो तुम्हारे साथ ऐसा ही होगा। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी संदीप यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की।

इस बीच, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जिस दरोगा पर आरोप लगाया गया है, उन्हें लाइन हाजिर कर जांच कराई जा रही है। संवाद

एल्बेंडाजोल खाने से दो बच्चों को आई नींद, बेहोश समझ परिजनों का हंगामा

ऊंज (भदोही)। डीघ ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय नवधन में सोमवार को पेट में कीड़े मारने वाली दवा एल्बेंडाजोल खाने के बाद दो बच्चों को नींद आ गई। वह देख दोनों बच्चों को एंबुलेंस से सीएचसी लाया गया। जांच में दोनों बच्चे स्वस्थ मिले। वहीं, बच्चों के बेहोश होने की खबर पर पहुंचे अभिभावकों ने विद्यालय में हंगामा किया। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि दवा खाने से नींद आती है, बच्चे बेहोश नहीं हुए थे। गांव नवधन के रवि कुमार कक्षा दो और चांदनी गौतम कक्षा चार में पढ़ती हैं। राष्ट्रीय कृमि दिवस के तहत सोमवार को जिले भर के विद्यालयों में बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। प्राथमिक विद्यालय नवधन में भी सभी बच्चों को दवा खाने के लिए दी गई। दवा खाने पर रवि और चांदनी को नींद आ गई थी। डीघ सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेश पांडेय ने बताया कि दवा खाने से नींद आती है। इसी बीच घर वाले घबरा करके हंगामा करने लगे। ऊंज थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम बहादुर यादव ने बताया कि नींद आने के कारण परिजनों को बेहोशी का शक हुआ था। खंड शिक्षा अधिकारी मनोज सिंह ने बताया कि पेट में कीड़े अधिक होने से दवा खाने पर चक्कर आता है। दोनों बच्चे स्वस्थ हैं। संवाद

पीएचसी में अश्लील गाना बजाने का विरोध करने पर बुजुर्ग को पीटा, हंगामा

बभनी (सोनभद्र)। क्षेत्र के सतबहनी गांव स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में रविवार की रात अश्लील गाना बजाने और हुड़दंग करने से मना करने पर बुजुर्ग छन्नूलाल की पिटाई कर दी गई। घटना से नाराज ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह अस्पताल के सामने प्रदर्शन किया और आरोपी चिकित्सक को हटाने की मांग करते हुए पुलिस को तहरीर दी।

ग्रामीणों के अनुसार, रविवार की रात करीब नौ बजे पीएचसी परिसर में चिकित्सक और अन्य स्टाफ पार्टी कर रहे थे। इस दौरान तेज आवाज में अश्लील गाने बजाए जाने लगे। पास के बरवाटोला गांव निवासी बुजुर्ग छन्नूलाल ने जब शोर-शराबे और अश्लील गानों का विरोध किया, तो आरोप है कि चिकित्सक और स्टाफ ने उनकी पिटाई कर दी। सोमवार की सुबह जब इस घटना की जानकारी इलाके में फैली, तो बड़ी संख्या में ग्रामीण पीएचसी पहुंच गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया।

डॉक्टर और स्टाफ पर पिटाई का आरोप, ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की

दूसरी ओर, आरोपी चिकित्सक ने सभी आरोपों को निराधार और गलत बताया है। उनका कहना है कि अस्पताल में मारपीट नहीं हुई है। मामले पर सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजन सिंह ने कहा कि घटना की जानकारी की जा रही है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। संवाद

जौनपुर में सड़क किनारे खून से लथपथ मिले वनरक्षक, मौत

बरसठी (जौनपुर)। वन विभाग में तैनात वनरक्षक रवि यादव (31) की रविवार की रात सड़क हादसे में मौत हो गई। वे बनकट के कछौटा गांव के पास सड़क किनारे खून से लथपथ हालत में मिले थे। पुलिस उन्हें सीएचसी बरसठी ले गई, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह मुंगराबादशहपुर क्षेत्र के सकरा गांव के निवासी थे।

थानाध्यक्ष जय प्रकाश यादव ने बताया कि रवि यादव रविवार को बनकट गांव में पौधरोपण का जायजा लेने गए थे। वहां से लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। रवि का तीन साल का बेटा और एक साल की बेटी है। पिता ईंद्रजीत यादव का पहले ही निधन हो चुका है। संवाद

प्रदेश में एनकाउंटर नहीं मर्डर हो रहे : अबू आजमी

आजमगढ़। समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने रविवार को प्रदेश सरकार की एनकाउंटर नीति पर सवाल उठाए। आरोप लगाया कि प्रदेश में एनकाउंटर के नाम पर जिस तरह कार्रवाई की जा रही है, वह एनकाउंटर नहीं, बल्कि मर्डर है।

वास्तविक एनकाउंटर तभी माना जाएगा, जब अपराधी पुलिस पर हमला करे। कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर कार्रवाई संविधान देर शाम सपा नेता ने कुर्मी टोला स्थित निजामाबाद के दिवंगत सपा विधायक आलमबदी आजमी के आवास पर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दिवंगत नेता को सादगी की मिसाल बताते हुए कहा कि ऐसे नेता आज के दौर में बहुत कम देखने को मिलते हैं। कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि वह उनकी बातों की गंभीरता से नहीं लेते और उन पर विश्वास नहीं करते। संवाद

Atal Bihari Vajpayee Medical University, U.P.
C G City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
website: http://www.abvmuup.edu.in
No.:3084/Prof./ABVMU/2026 Dated: 10.08.2026
:::: ADVERTISEMENT ::::
Applications for the vacant post of Professor, Associate Professor & Assistant Professor in various positions of Atal Bihari Vajpayee Medical University, UP, Lucknow, are invited on Deputation Basis from all over India. The Candidates should be presently working in Government Institutions/ Autonomous Institutions /State Universities in Medical, Dental, Nursing, Allied & Healthcare (Paramedical) stream.
Details are available on University website: http://www.abvmuup.edu.in
Last Date for application : 10th September, 2026
The applicant should send his/her application through E-mails only.
Registrar

CENTRE FOR DISTANCE AND ONLINE EDUCATION (CDOE)
(Entitled by UGC-Distance Education Bureau 'DEB' to offer Online Learning 'OL' Programmes)
हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) - 176215
CENTRAL UNIVERSITY OF HIMACHAL PRADESH, DHARAMSHALA, (H.P.) - 176215
(NAAC Accredited A+ Grade and 8th ERF Rank University among Central Universities)
ADMISSION NOTICE FOR ONLINE LEARNING (OL) PG PROGRAMMES
दूरस्थ एवं ऑनलाइन शिक्षा केंद्र (सीडीओई), हिप्रकेंवि में निम्नलिखित स्नातकोत्तर (पीजी) ऑनलाइन कार्यक्रमों हेतु ऑनलाइन लर्निंग (ओएल) माध्यम से जुलाई 2026 सत्र के लिए नियमित शिक्षण के अनुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
Applications are invited for Admission in CDOE, CUHP in following Post-Graduate (PG) Programmes of Study through Online Learning (OL) Mode for July 2026 session as per following schedule:

Online Learning Programme of Studies (PG)	Duration	Last Date to Apply Online
MBA, MCA, MA (Economics/History/ Political Science)	2 Years (4 Sem.) Each	1 सितम्बर, 2026

इच्छुक अभ्यर्थी सीडीओई, हि.प्र.के.वि. के सत्यनिष्ठ पोर्टल (https://cuhimachalcdoeadm.samarth.edu.in) के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन कर सकते हैं। पात्रता एवं इच्छुक अभ्यर्थी हेतु कार्यक्रमों हेतु आवेदन संबंधी विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट (www.cdoe.cuhimachal.ac.in) पर उपलब्ध शैक्षणिक सुलाई 2026 सत्र के प्रवेश संबंधी प्रॉस्पेक्टस देख सकते हैं / The interested applicants can apply for Admission through Samarth Portal (https://cuhimachalcdoeadm.samarth.edu.in) of CDOE, CUHP. For detailed information for applying to these OL programmes, the eligible and desirous applicants may refer to the Admission Prospectus for July 2026 Session available on CDOE website.
For any kind of support related to Eligibility Conditions and Admission Criteria, Please Contact Learner Support Services Call-cum-Helpdesk: 94183-35203, 9218700111, 70188-12941, helpdeskcdoe.cuhp@hpcu.ac.in cdoe.office@hpcu.ac.in
समय पोर्टल पर आवेदन करने हेतु अंतिम तिथि : 1 सितम्बर, 2026
निदेशक, सीडीओई (Director, CDOE)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
बैंक ऑफ़ बड़ौदा
क्षेत्रीय दबावपस्त आस्ति वसूली शाखा प्रथम तल, श्री केरीवाला स्मृति भवन, पी.डी.आर. मॉल के पास, लहरा रोड, वाराणसी 221010 (उत्तर प्रदेश)
E mail:-sarvar@bankofbaroda.com, website:-www.bankofbaroda.bank.in, Mob no:- 9554959534
विक्रय सूचना
अचल सम्पत्तियों के बिक्री हेतु
अनुसूचि - IV-A
[नियम 8 (6) सपठित नियम 9 (1) के-प्रावधान देखें]
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) सपठित नियम 9(1) के प्रावधान के तहत ई- नीलामी बिक्री सूचना।
लहदार जनसाधारण एवं ऋणी/जमानतकर्ता एवं कानूनी वारिसों को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति/बंधक/प्रभारयुक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ़ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सांकेतिक कब्जे में ले लिया गया है, को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा "जो है जहाँ है", "जो है जैसे है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर ई-नीलामी / बिक्री की जायेगी। ऋणी/जमानतकर्ता / कानूनी वारिस / प्रतिभूति आस्ति/देय/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिड बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है-
नीलामी की तिथि- 01.09.2026 समय दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
धरोहर राशि (ई.एम.डी.) का भुगतान ऑनलाईन एनईएफटी/टरांसफर (चालान निष्पादन के बाद) (https://baanknet.com) के द्वारा दिनांक 31.08.2026 या उसके पहले किया जायेगा।

क्रं0 सं0	ऋणिकर्ता/जमानतकर्ताओं/ कानूनी वारिसों का नाम एवं पता/प्रोपराइटर	अचल सम्पत्तियों का विवरण	कुल बकाया राशि	आरक्षित धनराशि/ अग्रिम धनराशि/ बिड बढ़ोत्तरी राशि	कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/ भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1.	**ऋणकर्ता- मेसर्स पवन ट्रेडर्स, पंजीकृत पता:** K 53/46 A-1, विश्वेश्वरगंज मदामृत्युंजय रोड, वाराणसी (उ0प्र0)-221001; **प्रोपराइटर श्रीमती रेखा देवी** **जमानतकर्ता- (1) श्री प्रताप कुमार** **(2) श्रीमती लीला देवी** **दोनों निवासी** C 19/232, A-8, ललतापुरा, सिगरा, वाराणसी (उ0प्र0)-221010	साम्यिक बंधक सम्पत्ति मकान संख्या C-19/232A-8, क्षेत्रफल 2507 वर्ग फिट जोकि मौज़ा ललतापुरा, वार्ड चेतगंज, परगना देहात अमानत, तहसील और ज़िला वाराणसी में श्रीमती लीला देवी के नाम से स्थित हैं। **सेल डीड के अनुसार चौहद्दी-पूरब-** सार्वजनिक रास्ता, उसके बाद श्री प्यारे लाल दीक्षित, श्री देवन और श्री गुलज़ार अहमद का अहाता **पश्चिमः** रामबाटो देवी की भूमि **उत्तरः** गिरजा शंकर का अहाता **दक्षिणः** श्री बजोर साव का अहाता	रु. 57,14,713.74 + दिनांक 31.10.2023 से ब्याज + अन्य खर्चे (मांग सूचना जारी होने के बाद यदि कोई भुगतान है, को घटा कर)	रु. 94,00,000/- रु.9,40,000/- रु.25,000/-	सांकेतिक	31.08.2026 समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक
2.	**ऋणकर्ता- मेसर्स महिमा इंटरप्राइजेज** (पार्टनरशिप फर्म), **पताः** रमना, बीएचयू, लंका, वाराणसी (उ0प्र0)-221011 और **श्रीमती उर्मिला दूबे** (पार्टनर) और **श्री विजय कांत उर्फ श्री विजय कांत दूबे** (पार्टनर), **पताः** गायत्री नगर कॉलोनी, महल्लिया रमना, बीएचयू, लंका, वाराणसी-221011 **जमानतकर्ता- श्रीमती उर्मिला दूबे** पत्नी श्री राजेश कुमार दूबे और **श्री विजय कांत उर्फ विजय कांत दूबे** पुत्र श्री राजेश कुमार दूबे, **पताः** गायत्री नगर कॉलोनी, महल्लिया, रमना, बीएचयू, लंका, वाराणसी-221011	अचल संपत्ति का सभी भाग एवं भूखण्ड चक नंबर 616, आराजी नंबर 19/73, क्षेत्रफल 0.038 हेक्टेयर एवं चक नंबर 526, आराजी नंबर 19/74, क्षेत्रफल 0.025 हेक्टेयर तथा आराजी नंबर 19/73, क्षेत्रफल 0.063 हेक्टेयर। कुल तीन गाटा एवं कुल क्षेत्रफल 0.126 हेक्टेयर। यह संपत्ति मौज़ा- रमना, परगना- देहात अमानत, तहसील और ज़िला- वाराणसी में श्रीमती उर्मिला दूबे पत्नी श्री राजेश कुमार दूबे के नाम से स्थित हैं। **चौहद्दी-पूरब-**चक नंबर 526 का शेष भाग एवं ज्योति सिंह की भूमि **पश्चिमः** प्रेमानंद और बांके प्रसाद की भूमि **उत्तरः** चक नंबर 526 का शेष भाग **दक्षिणः** लालमन की भूमि	रु. 1,25,08,405.09 + दिनांक 31.03.2025 से ब्याज + अन्य खर्चे (मांग सूचना जारी होने के बाद यदि कोई भुगतान है, को घटा कर)	रु. 3,13,00,000/- रु.31,30,000/- रु.50,000/-	सांकेतिक	31.08.2026 समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक
3.	**ऋणकर्ता- मेसर्स राजलक्ष्मी साड़ी, प्रोपराइटर श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति उर्फ़ लक्ष्मी देवी वर्मा** पत्नी श्री राजेश कुमार वर्मा और **श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति उर्फ़ लक्ष्मी देवी वर्मा** पत्नी श्री राजेश कुमार वर्मा, **पताः** B 32/48-1-38, साकेत नगर कॉलोनी, सुंदरपुर, वाराणसी, उत्तर प्रदेश-221005	साम्यिक बंधक सम्पत्ति भूमि एवं भवन आराज़ी नंबर 24/1 (अब आराज़ी नंबर 24/1 मि) क्षेत्रफल 3 बिस्वा यानी 4080 वर्ग फ़ीट जोकि मौज़ा गोपालपुर, परगना राजपुर, तहसील मुगलसराय (पहले तहसील चंदौली) और ज़िला चंदौली (पहले ज़िला वाराणसी) में श्रीमती लक्ष्मी देवी वर्मा उर्फ़ श्रीमती लक्ष्मी प्रजापति पत्नी श्री राजेश कुमार वर्मा के नाम से स्थित हैं। **चौहद्दी-पूरब-** आराज़ी का शेष भाग **पश्चिमः** 8 फ़ीट चौड़ा रास्ता **उत्तरः** आराज़ी का शेष भाग **दक्षिणः** आराज़ी का शेष भाग	रु. 20,77,006.73 + दिनांक 03.10.2025 से ब्याज + अन्य खर्चे (मांग सूचना जारी होने के बाद यदि कोई भुगतान है, को घटा कर)	रु. 41,50,000/- रु.4,15,000/- रु.10,000/-	सांकेतिक	31.08.2026 समय दोपहर 2 बजे से सांय 5 बजे तक

बिक्री के नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक पर अवलोकन करें www.bankofbaroda.bank.in/e-auction.htm & https://baanknet.com तथा इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल नं. 9554959534, ईमेल: sarvar@bankofbaroda.com से सम्पर्क कर सकते हैं।
दिनांक : 06.08.2026 स्थान: वाराणसी प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

NATIONAL OLYMPIADS By अमर उजाला
अमर उजाला
सिर्फ स्कूल का...
या पूरे देश का चैंपियन?
National Olympiads बच्चों की असली क्षमता को कक्षा से आगे, राष्ट्रीय स्तर पर परखने का मंच है जहां AI-पावर्ड रिपोर्ट उनकी ताकत और सुधार के अवसरों की स्पष्ट तस्वीर देती है।
कक्षाएँ 1 से 10 के लिए
रोमांचक पुरस्कार और सम्मान
टॉप विनर्स को मिलेगा Euro Space Center का ट्रिप*
नेशनल, स्टेट, डिस्ट्रिक्ट & स्कूल लेवल अवॉर्ड्स*
अभी रजिस्टर करें! QR कोड स्कैन करें या वेबसाइट पर जाएँ
www.amarujalaolympiad.com
टोल-फ्री 1800 121 1166
contact@amarujalaolympiad.com
English | Mathematics | Science | General Knowledge | Logical Reasoning | Hindi | *Tech & AI
*T&C Apply
अमर उजाला | impressions | Ujala Cygnus | amarujala.com | Touch Point | BONUS